Title : Need to extend the Bilaspur-Chirmiri local train upto Raipur Durg.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय सभापति महोदय, मध्य प्रदेश पहले एक राज्य था। लेकिन वर्ा 2002 में मध्य प्रदेश का विभाजन करके छत्तीसगढ़ एक नया राज्य बनाया गया। अलग छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद बिलासपुर इस राज्य का एक शहर और रायपुर राजधानी बनीं। रायपुर राजधानी बनने के बाद बिलासपुर से राजधानी का आवागमन बढ़ गया। आज बिलासपुर से रायपुर तक आवागमन की सुविधा बढ़ाये जाने की बहुत आवश्यकता है। वहां चिरमिरी से मनेनगढ़ के लिए गाड़ी चलती है, जो बिलासपुर जाती है, लेकिन रायपुर जाने के लिए यात्रियों के लिए वहां कोई गाड़ी नहीं है। इस कारण से वहां के यात्रियों को बहुत असुविधा होती है। वहां कम से कम एक लाख लोग आठ घंटे तक बिलासपुर के स्टेशन पर रायपुर जाने के लिए रुके रहते हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि बिलासपुर से रायपुर तक गाड़ी चलाई जाए तथा उस गाड़ी को मनेनगढ़, चिरमिरी, बिलासपुर और दुर्ग तक बढ़ाया जाए। जिससे आम लोगों को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक जाने में बहुत सुविधा होगी तथा लाखों लोग राजधानी में शासकीय तथा अन्य कार्यों का लाभ उठा सकेंगे। धन्यवाद।